


गुरुवार को बैंककर्मियों ने पांच दिवसीय बैंक सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

# रिश्वत लेते बीएसएनएल के दो वरिष्ठ इंजीनियर सीबीआई के शिकंजे में

भोपाल। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के मामले में बीएसएनएल भोपाल के दो वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारियों में मुख्य अभियंता (विद्युत) और अधीक्षण अभियंता (विद्युत) शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, दोनों अधिकारियों के खिलाफ 27 अगस्त 2026 को मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि जबलपुर की एक फर्म से उसके लंबित बिलों के भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बदले रिश्वत की मांग की गई थी। यह फर्म बीएसएनएल के संचालन एवं व्यापक रखरखाव तथा विद्युत स्थापना से जुड़े कार्य कर रही थी। अधिकारियों ने 14 अलग-अलग कार्यों से संबंधित बिलों के भुगतान के लिए प्रति अधिकारी 2-2 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को जाल बिछाकर कार्रवाई की। इस दौरान दोनों अधिकारियों को 75-75 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। यह राशि मांगी गई रिश्वत की पहली किस्त बताई जा रही है। सीबीआई ने मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के भोपाल, लखनऊ और कानपुर स्थित आवासीय एवं कार्यालय परिसरों में तलाशी कार्रवाई की जा रही है। जांच एजेंसी द्वारा जब्त दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गड्ढों में तब्दील हुए मार्ग, राहगीरों और वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

## शहर की कई प्रमुख सड़कों पर जलभराव और खराब स्थिति से लोग परेशान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बारिश के बाद राजधानी की कई सड़कें बदहाल हो गई हैं। शहर की प्रमुख सड़कों से लेकर कॉलोनियों के अंदरूनी मार्गों तक जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। ऐशबाग थाने के सामने करीब 80 मीटर लंबी सड़क की हालत इतनी खराब है कि सड़क नजर नहीं आती और लोग गड्ढों के बीच से गुजरने को मजबूर हैं।

अटल पथ, लिंक रोड नंबर-2, एमपी नगर, न्यू मार्केट, रोशनपुरा सहित कई क्षेत्रों की सड़कों पर डामर उखड़ गया है और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

रहवासियों और ऑटो चालकों का कहना है कि खराब सड़कों के कारण रोजाना आवागमन प्रभावित हो रहा है। पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे की आशंका बढ़ जाती है। लोगों ने जिम्मेदार विभाग से जल्द सड़क मरम्मत और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

रायसेन रोड पर भी मेट्रो कार्य के कारण सुभाषनगर से रत्नागिरी चौराहे तक सड़क की स्थिति खराब है। जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने मार्गों की मरम्मत कर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है।

# बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बताया रक्षाबंधन का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** के अवसर पर उत्तर विधानसभा स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में भाई-बहन के स्नेह और आत्मीयता का भावपूर्ण आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों बहनों ने भोपाल सांसद आलोक शर्मा को राखी बांधी, तिलक लगाया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर बहनों ने केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश देने वाली विशेष राखियां सांसद शर्मा की कलाई पर बांधीं। सांसद ने बहनों का आत्मीय स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की और रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में उन्हें उपहार भेंट किए।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि बहनें केवल राखी नहीं, बल्कि विश्वास और स्नेह का अटूट बंधन बांधती हैं। उन्होंने कहा कि बहनों का सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और सशक्तिकरण ही उनके लिए रक्षाबंधन का सबसे बड़ा संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने बहनों से संवाद कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, निःशुल्क राशन योजना, लाड़ली बहना योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बहनों की समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री राकेश कुकरेजा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा, पार्षद सरोज आसेरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन कार्यक्रम में पीसी शर्मा ने बहनों को बांटी शक्कर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने पूर्व मंत्री पीसी शर्मा को अपने दुपट्टे का टुकड़ा बांधकर राखी का रूप दिया। बाणगंगा निवासी शीला बाई ने बताया कि बारिश में उनके घर का सामान बह गया था और उनके पास राखी खरीदने के पैसे नहीं थे। कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर वह वहां पहुंचीं और दुपट्टे का टुकड़ा रक्षा सूत्र के रूप में बांधा। महिला ने कहा कि वह उम्मीद लेकर आई हैं कि भाई के रूप में पीसी शर्मा उनकी रक्षा करेंगे। इस दौरान मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। पीसी शर्मा ने 1100 क्वार्टर स्थित अपने आवास पर रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उन्हें राखी बांधी। इस अवसर पर उन्होंने बहनों को गुलाब का फूल और शक्कर भेंट की। पीसी शर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण त्योहारों की मिठास प्रभावित हो रही है।



गुरुवार को चेतक ब्रिज पर एक निजी वाहन अचानक बंद हो जाने के कारण जाम लग गया। इस कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को काफी देर तक निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा

# नेपाल त्रासदी : ब्रह्माकुमारीज ने की सामूहिक प्रार्थना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नेपाल-तिब्बत सीमा पर ग्लेशियर टूटने से आई भीषण बाढ़ में प्रभावित लोगों के लिए ब्रह्माकुमारीज़ सुख-शांति भवन, नीलबड़ में सामूहिक राजयोग ध्यान एवं विशेष प्रार्थना की गई। इस दौरान पीड़ित परिवारों, लापता लोगों और राहत-बचाव कार्यों में जुटे दलों के लिए शांति, शक्ति, साहस और सुरक्षा के शुभ संकल्प प्रेषित किए गए।

राजयोग ध्यान के दौरान ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों ने परमपिता परमात्मा शिव से संबंध जोड़कर नेपाल की प्रभावित आत्माओं के लिए विशेष शुभभावना रखी। प्रार्थना की गई कि आपदा में सुरक्षित लोग सकुशल अपने परिवारों तक पहुंचें, लापता लोगों का शीघ्र पता चले और राहत एवं बचाव अभियान सफल हों।

ब्रह्माकुमारीज़ ने कहा कि आपदा की घड़ी में भौतिक सहायता के साथ शुभ भावना और आध्यात्मिक शक्ति भी महत्वपूर्ण है। सेना, पुलिस, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी सफलता एवं शक्ति की कामना की गई। सभी ने नेपाल में जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल होने का संकल्प लिया।

# मिठी स्कूल में सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी राखियों, गतिविधियों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने रक्षाबंधन के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, जिम्मेदारी और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने कहा कि त्योहार हमें उत्साह के साथ दायित्व-बोध भी कराते हैं। विद्यार्थियों को रिश्तों की गरिमा समझने के साथ सहयोग और संरक्षण की भावना को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना आवश्यक है। प्राचार्या रेखा केवलानी और उप-प्राचार्या दिव्या कृपलानी ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और दायित्वबोध का पर्व है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कारों और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बहनों से वंचित भाइयों को मिली स्नेह की राखी

लाइफ लाइन स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिन छात्राओं के भाई नहीं थे, उन्होंने उन भाइयों को राखी बांधी, जिनकी बहनें नहीं थीं। छात्राओं ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी, मिठाई खिलाई और कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। भाइयों ने भी बहनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। प्राचार्य ने बच्चों को रक्षाबंधन के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के निस्वार्थ और अटूट प्रेम का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी। इस अवसर पर दीपा पांडे, छाया मालवीय, नैना वाधवानी और मंजू वासवानी उपस्थित रहीं।

# पुण्यतिथि पर जरूरतमंद परिवारों को बांटी खाद्य सामग्री



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी स्वर्गीय नारिमल नरियानी की पत्नी चंद्रादेवी नरियानी की 14वीं पुण्यतिथि पर श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने सेवा कार्य किया। इस अवसर पर 75 जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को आटा और चावल के पैकेट वितरित किए गए।

समिति अध्यक्ष महेश गुरबानी ने कहा कि बुजुर्गों की स्मृति में सेवा कार्य करने से परिवार पर ईश्वर का आशीर्वाद बना रहता है। लखमीचंद नरियानी ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से मन को प्रसन्नता और सुकून मिलता है। कार्यक्रम में लखमीचंद नरियानी, देवी नरियानी, प्रकाश विधानी, मुकुंद नरियानी, भानी नरियानी, काव्य नरियानी, मायरा नरियानी और किशन मोतियानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


# खंड-1
# ई-निविदा आमंत्रण सूचना मध्यप्रदेश शासन
## कार्यालय-उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 5051/ई-टेंडरिंग/2026-27** **दिनांक 21/08/2026**

वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खिड़की ग्रिल | खिड़की ग्रिल (आयरन) बनवाई सहित कम्प्लीट (साईज आवश्यकतानुसार) प्रति कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार | 9,000/- | 500/- |
| 2 | साईन बोर्ड | साईन बोर्ड (आयरन) पुताई लिखवाई एवं फ्रेम सहित कम्प्लीट (साईज आवश्यकतानुसार) प्रति कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2 इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 27/08/2026 शाम 05.00 PM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4 ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

जी-17801/26


# महँगाई के विरोध में कोलार कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन, चूल्हा जलाकर जताया विरोध



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को मंदाकिनी चौराहे पर अनूठा प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और कोलार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने किया।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चूल्हा जलाकर महंगाई के खिलाफ नाराजगी जताई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर को माला पहनाई और बाइक पर चादर ओढ़ाकर फूल अर्पित किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आम लोगों को राखी और चीनी वितरित कर महंगाई के मुद्दे को उठाया। उन्होंने 'सखी सैंया तो बहुत ही कमाल हैं, महंगाई डायन खाए जात है' गीत के माध्यम से सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चीनी के दाम 70 रुपये प्रति किलो से अधिक हो गए हैं। पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है।

रक्षाबंधन जैसे त्योहार पर भी लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं। कोलार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने कहा कि आम जनता की आवाज उठाना कांग्रेस की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महंगाई के खिलाफ संघर्ष जनहित में लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

# अनुकंपा आधार पर नियुक्त कर्मियों को मिली नियमित पदों की सौगात

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अनुकंपा आधार पर नियुक्त 160 संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह कदम कर्मचारी कल्याण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

ऊर्जा मंत्री ने नियमित हुए सभी कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये कर्मचारी प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को और मजबूत बनाने में योगदान देंगे। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि दिवंगत विद्युत कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नीति-2018 और संशोधित नीति-2023 के तहत संविदा पदों पर नियुक्त किया गया था। वर्ष 2026 की योजना के अंतर्गत पात्र संविदा कर्मियों को समकक्ष नियमित पदों पर नियुक्ति दी गई है।

नियमित किए गए 160 कर्मियों में कार्यालय सहायक श्रेणी-3 प्रशिक्षु के 159 और लाइन परिचारक प्रशिक्षु का एक कर्मी शामिल है। सभी को नियमित नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इनमें अनारक्षित वर्ग के 52, अन्य पिछड़ा वर्ग के 78, अनुसूचित जाति के 19 और अनुसूचित जनजाति के 11 कर्मचारी शामिल हैं। इससे पहले मध्यप्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी भी 43 अनुकंपा कर्मियों को नियमित कर चुकी है।


# कार्यालय नगर पालिक निगम,(यांत्रिकी विभाग) भोपाल
## निविदा आमंत्रण सूचना

**क्रमांक 37/ यां.वि./2026** **भोपाल, दिनांक 21/08/2026**

निम्न कार्य हेतु म.प्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनाक | समय |
| 1 | 2026_UAD_526023_2 | CONSTRUCTION OF DRAIN BETWEEN RAMJANKI MANDIR TO NRI SCHOOL MAIN ROAD AT AMRAI W-54 Z-13 SECOND CALL | 5,07,735/- | 1-Sep-2026 | 05:30 PM |
| 2 | 2026_UAD_525992_2 | CONSTRUCTION OF DRAIN BETWEEN RAJAKUMAR JI HOUSE TO AMRAI MAIN ROAD W-54 Z-13 SECOND CALL | 6,01,588/- | 1-Sep-2026 | 05:30 PM |
| 3 | 2026_UAD_525959_2 | CONSTRUCTION OF DRAIN NEAR ANIL MALVIYA HOUSE AT AMRAI W-54 Z-13 SECOND CALL | 6,70,446/- | 1-Sep-2026 | 05:30 PM |
| 4 | 2026_UAD_526143_2 | CONSTRUCTION OF DRAIN BETWEEN NEELESH MALVIYA HOUSE TO RAJAKUMAR JI HOUSE AT AMRAI W-54 Z-13 SECOND CALL | 4,99,143/- | 1-Sep-2026 | 05:30 PM |

**नोट**- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।

**सू. क्र. 621/026/027**

**कार्यपालन यंत्री (सिविल) नगर निगम भोपाल**